हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 6 अक्टूबर 2025

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 बैतूल में ध्वनि तरंगों से उपचार पूर्व सैनिकों ने उठाया लाभ



11 एमएसपी पर सोयाबीन खरीदी का कानून बनाए ...




## खबर संक्षेप



### 10 के बाद टूरिज्म जोन मढ़ई में शुरू होगा पर्यटन

**सोहागपुर।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के मढ़ई कोर क्षेत्र में जिप्सी सफारी की राहें इस वर्ष अधिक बारिश के चलते लंबे समय तक खराब रहीं। जिसके कारण एक अक्टूबर से पर्यटन शुरू नहीं हो सका। अब रिजर्व प्रबंधन राहें दुरुस्त करा रहा है व रिजर्वकर्मी दिनरात मेहनत कर सफारी ट्रैक को जिप्सी सफारी फ्रेंडली रूप दे रहे हैं। बताया जाता है कि 10 अक्टूबर के बाद मढ़ई में पोस्ट मानसून टूरिज्म शुरू होगा।

### निनाद सिंगर्स ग्रुप प्रस्तुत करेगा एक गीतों भरी शाम

**इटारसी।** विश्व विख्यात हरफनमौला गायक और मध्यप्रदेश की शान किशोर कुमार की स्मृति में निनाद ग्रुप द्वारा 12 अक्टूबर रविवार को इटारसी के ऑडिटोरियम में नर्मदांचल के चुनिंदा गायकों द्वारा किशोर दा को श्रद्धांजलि स्वरूप गीतों भरी शाम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त संबंध में निनाद ग्रुप के संस्थापक एवं संरक्षक एड. रमेश साहू एवं निनाद सिंगर्स के संरक्षक जितेन्द्र ओझा की उपस्थिति में कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी पत्रकारों को दी गई। रोटरी क्लब इटारसी, इनरव्हील क्लब ऑफ इटारसी, सबकुछ वाले श्याम मनोहर पंसारी और अन्य प्रायोजकों के सहयोग से आयोजित गीतोभारी शाम का पोस्टर जारी किया गया। कार्यक्रम का टाइटल, गीत गाता हूं मैं होगा।

### शताब्दी वर्ष पर ऐतिहासिक आयोजन, संचलन अनुशासन और एकता का प्रतीक बना

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार को शहर में भव्य पथ संचलन निकाला गया। नार्मल स्कूल ग्राउंड से दोपहर 3.30 बजे प्रारंभ हुआ यह संचलन अनुशासन और एकता का प्रतीक बना। शहर की 25 बस्तियों से पहुंचे पांच हजार से अधिक स्वयंसेवकों ने इसमें भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत नार्मल स्कूल प्रांगण में योग प्रदर्शन से हुई। इसके बाद मुख्य वक्ता ने संघ के शताब्दी वर्ष के महत्व और संगठन की भूमिका पर बौद्धिक दिया। संचलन के दौरान शहर की सड़कों पर स्वयंसेवकों की अनुशासित पंक्तियां आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। जीडीसी कॉलेज के पीछे से संचलन द्वि-धारा स्वरूप में निकला। स्वयंसेवक आठ की पंक्तियों में नार्मल स्कूल मैदान से रवाना हुए। संचलन का पहला भाग गर्ल्स कॉलेज से भवानी माता रोड, जलेबी चौक, मछली बाजार, फूल गली होते हुए केवलराम चौराहा पहुंचा, जबकि दूसरा भाग पड़ावा हनुमान मंदिर से इमलीपुरा, बड़ाबम चौराहा, कुम्हार बेड़ा, सराफा, बुधवारा मार्ग से होते हुए केवलराम चौराहा पहुंचा। केवलराम चौराहे पर दोनों धाराएं एकत्र हुईं और वहां से बांबे बाजार, निगम चौराहा से होते हुए पुनः नार्मल स्कूल ग्राउंड पहुंचकर संचलन का समापन हुआ। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने घर-घर संपर्क कर मातृशक्ति, समाजजन, सेवानिवृत्त सैनिकों, दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और संत समाज को शामिल होने का आग्रह किया था।

### संचलन मार्गों से वाहनों का आवागमन रोका गया

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन और पुलिस ने पूर्ण तैयारी की थी। ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने संघ पदाधिकारियों के साथ शनिवार को रूट का निरीक्षण किया था। संचलन के दौरान चिन्हित मार्गों से वाहनों का आवागमन पूरी तरह रोका गया और भारी वाहनों को शहर के बाहरी नाकों पर रोक दिया गया, जिन्हें कार्यक्रम के बाद छोड़ा गया। खंडवा में संघ की शाखाओं का इतिहास भी गौरवशाली रहा है। अविभाजित खंडवा जिले में पहली शाखा बुरहानपुर में डॉ. हेडगेवार ने शुरू की थी, जबकि खंडवा नगर में 1933 में दो स्थानों पर शाखाओं की शुरुआत हुई थी—गोविंदेश्वर मंदिर बापट का बाड़ा हरिगंज और माखनलाल चतुर्वेदी स्कूल, पुराना बस स्टैंड। वर्तमान में जिले में 300 से अधिक शाखाएं संचालित हो रही हैं। आज संघ में पूर्ण गणवेशधारी स्वयंसेवकों की संख्या 1 लाख से अधिक है। संघ का पुराना कार्यालय बापट परिवार द्वारा दान की गई जमीन पर बापट के बाड़े में स्थित है। अधिवक्ता पराग गोखले ने बताया कि परिवार के कृष्णराव सदाशिवराव गोखले ने यह जमीन पुजारी बापट जी को निवास हेतु दी थी, जिसे बाद में बापट परिवार ने हेडगेवार स्मारक समिति को दान कर दिया।

### कमल पटेल के जन्मदिन पर

# निशुल्क चिकित्सा शिविर व अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मध्यप्रदेश शासन के पूर्व केबिनेट मंत्री और पूर्व विधायक कमल पटेल के जन्मदिन पर दो दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन हो रहा है।

इसके साथ ही प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी कमल सांस्कृतिक मंच द्वारा जन्मदिन के अवसर पर अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन आज सोमवार को रात्रि 9 बजे से मिडिल स्कूल ग्राउण्ड हरदा पर किया जायेगा। कमल सांस्कृति मंच के संयोजक देवीसिंह सांखला ने बताया कि सन 2005 से कमल पटेल के जन्मदिन के अवसर पर कवि सम्मेलन की शुरूआत की थी। अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का यह 20 वॉ वर्ष है। सांखला ने बताया कि इस कवि सम्मेलन में देश के प्रसिद्ध कविगण अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे। आमंत्रित कविगणों में हास्य कवि जानी बैरागी, प्रसिद्ध संचालक शशिकांत यादव, श्रृंगार रस की कवियत्री डॉ. भुवन मोहिनी, हास्य कवि दिनेश देशी घी, वीर रस के ओजस्वी कवि अपूर्व विक्रम शाह, श्रृंगार रस की कवियत्री निधि गुप्ता एवं हास्य रस के कवि धीरज शर्मा अपनी प्रस्तुति देंगे। देवीसिंह सांखला ने सभी से निवेदन किया है कि इस कवि सम्मेलन में पधारकर अपने लाड़ले नेता पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल को अपना आशीर्वाद प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनायें। उन्होंने बताया कि बारिश की आशंका को देखते हुए मिडिल स्कूल ग्राउंड पर डोम लगाया जा रहा है।


### दो दिवसीय चिकित्सा शिविर

कमल पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर दो दिवसीय चिकित्सा शिविर भी लगाया जा रहा है। खिलता कमल जनकल्याण सामाजिक सेवा संस्थान के सौजन्य से आरपी फाउंडेशन जिसके संस्थापक एवं पीपुल्स ग्रुप के वाइस चेयरमैन रोहित पंडित के सहयोग से पीपुल्स हॉस्पिटल भोपाल द्वारा विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हरदा में आज सोमवार एवं मंगलवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जा रहा है। सन्फ्लावर इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित शिविर में विभिन्न चिकित्सक मौजूद रहेंगे।

### स्विमिंग पूल में 14 फीट की दूरी को सबसे तेज तय किया

## हेमांगी व उत्तमांगी ने तैराकी में रचा इतिहास वर्ल्डवाइड बुक ऑफ रिकॉड्र्स में नाम दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी



शहर मे जुड़वाँ बहने, हेमांगी गुप्ता उम्र 3.5 साल और उत्तमांगी गुप्ता 3.5 साल पिता आयुष गुप्ता माता शिवानी गुप्ता ने हाल ही में तैराकी की दुनिया में एक असाधारण उपलब्धि हासिल की है। उनके अद्वितीय रिकॉर्ड दावे को प्रतिष्ठित 'वर्ल्डवाइड बुक ऑफ रिकॉड्र्स' द्वारा सफलतापूर्वक अनुमोदित कर दिया गया है। 'वर्ल्डवाइड बुक ऑफ रिकॉड्र्स' द्वारा जारी किए गए प्रमाणन के अनुसार, हेमांगी और उत्तमांगी ने स्विमिंग पूल में 14 फीट की दूरी को सबसे तेज़ी से तय करने का रिकॉर्ड बनाया है। यह उपलब्धि न केवल उनके अथक प्रयासों का परिणाम है, बल्कि प्रतिभागियों के बीच समन्वय (कोआर्डिनेशन) और गति की एक मिसाल भी पेश करती है।

### विश्व रिकॉर्ड धारक बनीं ट्विन सिस्टर्स

इस रिकॉर्ड की पुष्टि के बाद, दोनों बहनें अब आधिकारिक तौर पर 'वर्ल्डवाइड बुक ऑफ रिकॉड्र्स' की टाइटल होल्डर बन गई हैं। रिकॉर्ड के लिए उनका आवेदन क्रमांक हइफटटकक15317 सफलतापूर्वक स्वीकृत हुआ है।इस गौरवपूर्ण खबर के सामने आने के बाद, गुप्ता परिवार और उनके शहर में खुशी का माहौल है। दोनों बहनों को इस शानदार प्रदर्शन के लिए खेल जगत, शिक्षाविदों और स्थानीय समुदाय के लोगों से बधाइयां मिल रही हैं।

### जनता की सेवा ही है सच्ची साधनाः हरगोविंद पुर्विया

## करनपुर में पुर्विया की पहल से लगा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, 500 लोगों की जांच



**सोहागपुर।** सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम करनपुर में रविवार को समाजसेवी हरगोविंद पुर्विया की पहल पर निशुल्क मधुमेह व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश के नामी चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण कर उचित परामर्श दिए। पूर्णतः निशुल्क शिविर आयोजक समाजसेवी हरगोविंद पुर्विया ने बताया कि ग्राम करनपुर में 'शुगर एक्सप्रेस' शीर्षक से निशुल्क मधुमेह एवं हार्मोन उपचार शिविर का आयोजन उन्होंने परिवार की प्रेरणा से किया है। जिसमें एम्स नई दिल्ली के एंडोक्रिनोलॉजिस्ट डॉ. सचिन चित्तावार के नेतृत्व में यह शिविर स्वास्थ्य और मानवता दोनों का संगम बन गया। पुर्विया के अनुसार जनता की सेवा ही वास्तव में सच्ची साधना है।

### लगा जैसे घर के हों डॉक्टर

शिविर से स्वास्थ्य लाभ लेने वाले लोगों ने बताया कि शुगर एक्सप्रेस कार्यक्रम महज स्वास्थ्य परीक्षण शिविर नहीं था। इसमें चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण तो किया ही। साथ ही एक परिजन की भांति उन्हें उचित स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिए। मरीज ने बताया कि सभी डॉक्टर घर के सदस्य जैसे लगे। ग्रामीणों ने शिविर के लिए समाजसेवी हरगोविंद पुर्विया के प्रति आभार जताया है। कार्यक्रम में स्वामी एकतानंद महाराज सनातन विवेकानंद आश्रम की विशेष उपस्थिति रही। शिविर में डॉ. सोमेश सिटोके, डॉ. एस डेहरिया और डॉ. सनी छाबड़िया ने मरीजों का परीक्षण किया। शिविर में 500 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

### इटारसी के बाजार का भविष्यः सिटी सेंटर

## आपका व्यापार छुएगा आसमान, आधुनिक 'सिटी सेंटर' की ओर दौड़े चले आएंगे ग्राहक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

क्या आप ऑनलाइन शॉपिंग की चुनौतियों से जूझ रहे हैं? क्या आपके ग्राहक, बाज़ार की तंग, संकरी गलियों और अव्यवस्थित पार्किंग से परेशान होकर, अब बाहर नहीं निकलना चाहते? चिंता छोड़िए! इटारसी के व्यापारियों का भविष्य सुरक्षित करने और ग्राहकों को बाज़ार तक खींच लाने के लिए, 'सिटी सेंटर' जल्द ही शहर को समर्पित होने वाला है। यह सिर्फ़ एक इमारत नहीं, यह इटारसी के व्यापार को नई चमक और नई दिशा देने वाला एक क्रांतिकारी कदम है!

### क्यों सिटी सेंटर है आपके व्यापार की सबसे बड़ी ज़रूरत?

पुराने बाज़ार की 'लॉ विजिबिलिटी' और असुविधाजनक माहौल अब ग्राहकों को नहीं भाता। आज का ग्राहक पैसा खर्च करने को तैयार है, लेकिन उसे सिर्फ माल नहीं चाहिए—उसे एक शानदार अनुभव चाहिए। सिटी सेंटर में आपको मिलेगा वह सब, जो आपके ग्राहक ढूंढ रहे हैं, पर पारंपरिक बाज़ार में नहीं मिल सकता।

### जगमगाती शोरूम-नुमा दुकानें

आपके प्रोडक्ट की 'हाई विजिबिलिटी' सुनिश्चित। व्यवस्थित और चौड़ी सड़कें: आसान और आरामदायक आवागमन। पर्याप्त रोशनी और सकारात्मक ऊर्जा: खरीदारी का बेहतरीन माहौल।उच्च गुणवत्ता के रेस्टोरेंट्स: शॉपिंग के साथ उच्च स्तरीय खान-पान का अनुभव।

### व्यवस्थित पार्किंग: ग्राहकों को पार्किंग की चिंता से मुक्ति

बच्चों के मनोरंजन के साधन: पूरा परिवार एक साथ शॉपिंग के लिए आएगा। सिटी सेंटर में आपको पब्लिक रीच और पब्लिक विजिबिलिटी की उच्चतम व्यवस्था मिलेगी, जो पारंपरिक बाज़ार में मिलना असंभव है। यहां आने वाला ग्राहक चाहकर भी खुद को रोक नहीं पाएगा!

### आज ही लें फैसला, वरना कल पछताना पड़ सकता है

इटारसी के पारंपरिक बाज़ार में ग्राहकों की संख्या में रिकॉर्ड गिरावट आई है। यह समय है व्यापार के पारंपरिक ढर्रे से बाहर निकलने का! अपने बच्चों और आने वाली पीढ़ियों के व्यापारिक भविष्य की चिंता आपको सता रही है, तो समय रहते एक निवेश सिटी सेंटर में ज़रूर करें।क्योंकि समय निकलते समय नहीं लगता! अपने व्यापार को सुरक्षित करें, उसे नई उड़ान दें! आज ही सिटी सेंटर में अपनी दुकान सुनिश्चित करें!

### द्वारिकाधीश मंदिर में शरद पूर्णिमा पर गरबा महारास

इटारसी। श्री द्वारिकाधीश महिला मंडल द्वारा शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर गरबा महारास प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शहर के प्रसिद्ध गरबा ग्रुप एवं एकल-युगल नृत्य के द्वारा विशेष प्रस्तुतियां दी जाएगी। कार्यक्रम संयोजक कविता अग्रवाल, राशि साहू, ममता मालवीय और शीतल तिवारी ने बताया कि प्रतिभागियों के लिए फ्री रजिस्ट्रेशन है, विजेताओं को सम्मानजनक राशि एवं शील्ड प्रदान की जाएगी। महिला मंडल द्वारा कुछ नियम और शर्तें रखी गई है जिसका पालन प्रतिभागी को अनिवार्य रूप से करना होगा। आयोजक महिला मंडल ने समस्त नगर वासियों से कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया है।






### बुखार आने पर इलाज के लिए परासिया ले गए थे परिजन

# कोल्ड्रिफ सीरप लेने से आमला ब्लॉक के दो बच्चों की मौत की आशंका, पुष्टि नहीं




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कोल्ड्रिफ कफ सिरप से जिले के आमला ब्लाक में दो बच्चों की मौत होने की जानकारी सामने आई है। हालांकि अभी स्वास्थ्य विभाग ने इसकी पुष्टि नहीं की है। फिलहाल सीएमएचओ ने चार सदस्यीय दल गठित कर विस्तृत जांच करने के निर्देश जारी किये है। यह दल इस मामले की पूरी जांच करेगा। जानकारी के अनुसार आमला विकासखंड के कलमेश्वरा और जामुन बिछुवा गांव के दो बच्चे कबीर पिता कमलेश (4) और गर्मित पिता निखलेश (ढाई साल) गंभीर किडनी समस्या से पीड़ित

बताया जा रहा है कि इन बच्चों को बुखार आने के बाद इलाज के लिए परासिया ले जाया गया था, जहां उनकी तबीयत और बिगड़ गई। परिजनों के अनुसार कबीर को डॉक्टर सोनी ने प्रिस्क्रिप्शन में कोल्ड्रिफ सिरप लिखी थी। अब जिला प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुटा हुआ है। सीएमएचओ मनोज हुरमाड़े ने बताया कि बच्चों को उपचार के लिए छिंदवाड़ा जिले के परासिया ले गये थे, जिसमें से एक बच्चे की मौत भोपाल के हमीदिया अस्पताल में हुई है, वहीं दूसरे बच्चे को एम्स में भर्ती कराया था, जहां से परिजन बच्चे को लेकर मामा के घर लादी लेकर आ गये थे, जहां उसकी मौत हो गई।

परिजनों के अनुसार 24 अगस्त को सबसे पहले कबीर को बुखार आने पर परासिया के डॉ. प्रवीण सोनी को दिखाया गया। इलाज के बाद उसे घर ले जाया गया, लेकिन जब हालत में सुधार नहीं हुआ, तो परासिया के दो अन्य डॉक्टरों से भी सलाह ली गई। यहां बताया गया कि बच्चे की किडनी प्रभावित हो रही है। इसके बाद परिजन उसे नागपुर ले गए, जहां एक दिन अस्पताल में भर्ती रखने के बाद डॉक्टर ने घर ले जाने की सलाह दी। परिजन संतुष्ट नहीं थे, इसलिए वे उसे सीधे भोपाल ले गए। वहां पहुंचते ही रात करीब साढ़े चार बजे कबीर की मौत हो गई। दूसरी घटना लादी ग्राम की है। यहां ढाई साल के गर्मित पिता निखिलेश की तबीयत बिगडने पर उसका इलाज कराया जा रहा था, लेकिन एक अक्टूबर को गांव में ही उसकी मौत हो गई। बीएमओ के अनुसार उसे भी परिजन पहले इलाज के लिए परासिया के डॉक्टर प्रवीण सोनी के पास ले गए थे।

#### विभाग ने जारी की एडवाइजरी

छिंदवाड़ा और राजस्थान में खांसी के सिरप पीने से बच्चों की मौत के मामलों के सामने आने के बाद बैतूल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाडे ने जिले के सभी निजी मेडिकल स्टोरों और प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों को सतर्कता के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित सभी मेडिकल स्टोर यह सुनिश्चित करें कि वे केवल पंजीकृत चिकित्सक द्वारा निर्धारित की गई औषधि और सिरप ही नागरिकों को प्रदान करें। बिना चिकित्सकीय परामर्श के किसी भी प्रकार की औषधि या सिरप की बिक्री नहीं की जाए। औषधि निरीक्षक खाद्य एवं औषधि प्रशासन को आदेश दिए कि वे अपने स्तर पर औषधि वितरण की प्रक्रिया की निगरानी करें और किसी भी स्थिति में अप्रमाणित या संदिग्ध गुणवत्ता की दवा न बेचें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने नागरिको से अपील की है कि वे भी सावधानी बरतें और किसी भी दवा या सिरप का उपयोग डॉक्टर की सलाह के बिना न करें।




#### इनका कहना है -

आमला विकासखंड के दो बच्चों का इलाज छिंदवाड़ा जिले के परासिया में एक निजी चिकित्सक द्वारा किया गया था। दोनों बच्चों की मौत के पीछे खांसी सिरप का सेवन होने की पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है। मैंने चार सदस्यीय जांच दल बनाकर भेजा है। रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि बच्चों की मौत के पीछे क्या कारण है।

- **डॉ. मनोज हुरमाड़े**, सीएमएचओ, बैतूल

अभी जांच जारी है। बयान लिये जायेगे। सेम्पल जांच के लिए भेजेगे। रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ बता पायेगे।

- अशोक नरवरे, बीएमओ, आमला

## कलेक्टर ने कहा- दोनों बच्चों का इलाज बैतूल में नहीं हुआ, जिले में कोल्ड्रिफ सिरप का विक्रय नहीं

*बैतूल। आमला विकासखंड में निवासरत दो बच्चों की मृत्यु कोल्ड्रिफ सिरप से होने की खबरें प्रसारित की जा रही हैं। इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया है कि दोनों बच्चों का इलाज बैतूल जिले के किसी भी शासकीय या निजी अस्पताल में नहीं हुआ है और जिले में कोल्ड्रिफ सिरप का विक्रय भी नहीं पाया गया है। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बताया कि ग्राम कलमेश्वरा निवासी बालक कबीर (4 वर्ष) पिता कैलाश और ग्राम जामुन बिछुआ निवासी गर्भित (ढाई वर्ष) पिता निखिलेश का इलाज बैतूल जिले में नहीं हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बालक कबीर की मृत्यु अन्य जिले में, जबकि गर्भित की मृत्यु छिंदवाड़ा जिले के परासिया में इलाज के बाद उसके रिश्तेदार के घर ग्राम लादी (विकासखंड आमला) में हुई है। दोनों बच्चों की मृत्यु 8 सितंबर और 1 अक्टूबर 2025 को हुई थी। उन्होंने बताया कि अब तक जिले के स्वास्थ्य विभाग, पुलिस या प्रशासन को कोल्ड्रिफ सिरप से किसी की मृत्यु की कोई सूचना या शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। कलेक्टर सूर्यवंशी ने कहा कि मेडिकल टीम द्वारा किए गए निरीक्षण में पाया गया कि बैतूल जिले में कोल्ड्रिफ सिरप का विक्रय नहीं हो रहा है और न ही मेडिकल स्टोर में यह सिरप उपलब्ध हैं। मीडिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों बच्चों का प्राथमिक उपचार परासिया (जिला छिंदवाड़ा) के डॉ. प्रवीण सोनी द्वारा किया गया था। बच्चों की मृत्यु का अब तक कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है और अभिभावकों ने भी प्रशासन को कोई सूचना नहीं दी है। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने यह भी बताया कि आमला क्षेत्र के ग्राम छिंदवाड़ा जिले के परासिया के समीप स्थित हैं, जिसके कारण वहां के लोग उपचार के लिए परासिया का रुख करते हैं। उन्होंने कहा कि यह मामला बैतूल जिले से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित नहीं है, फिर भी मृतक बच्चे बैतूल निवासी होने के कारण पूरी संवेदनशीलता से जांच की जा रही है।उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को गाइडलाइन का गंभीरता से पालन करने और कफ सिरप संबंधी जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए हैं।*

### जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में

## बैतूल में ध्वनि तरंगों से उपचार पूर्व सैनिकों ने उठाया लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में रविवार को साउंड थेरेपी का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को ध्वनि स्नान दिया गया। भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त कैप्टन श्री सुमीत सिंह ने इस उपचार के लिए 25 ध्वनि उपकरणों का उपयोग किया गया, जिनमें से कई आयातित थे। कैप्टन सिंह यूनाइटेड किंगडम के इंटरनेशनल प्रैक्टिशनर्स ऑफ होलिस्टिक मेडिसिन द्वारा मान्यता प्राप्त एक संस्थान से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षित ध्वनि उपचारक हैं। महिलाओं और बच्चों सहित लाभार्थियों ने उपचार के बाद सुखद अनुभूति और हल्कापन महसूस किया। ध्वनि उपचार का प्रयोग बैतूल में पहली बार किया जा रहा है। साउंड हीलिंग या ध्वनि चिकित्सा, मानसिक शांति और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए ध्वनियों और कंपनों का उपयोग करती है, जिससे तनाव कम होता है और नींद में सुधार होता है। साथ ही चिंता से राहत मिलती है और दर्द प्रबंधन में मदद मिलती है। समग्र ऊर्जा और ध्यान में भी वृद्धि होती है। यह शरीर की प्राकृतिक उपचार प्रक्रियाओं को उत्तेजित करती है और मन, शरीर व आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करती है। उन्होंने बताया कि यह गहन विश्राम प्रदान करती है, जिससे शरीर से तनाव कम होता है और शांति व सुकून महसूस होता है। ध्वनि चिकित्सा कोर्टिसोल हार्मोन के स्तर को कम करने और मन को शांत करने में मदद करती है, जिससे चिंता और अवसाद के लक्षणों में कमी आती है। नियमित अभ्यास से नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है, जिससे समग्र स्वास्थ्य बेहतर होता है। यह शरीर में कंपन और ऊर्जा को संतुलित करके पुराने दर्द को कम करने और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक है। साउंड थेरेपी शरीर में कोर्टिसोल के स्तर को कम करती है, जो कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए जिम्मेदार है। ध्वनि उपचार मन को साफ करता है और मानसिक स्पष्टता बढ़ाता है, जिससे ध्यान और एकाग्रता में सुधार होता है। यह शरीर के ऊर्जा केंद्रों चक्रों को संतुलित करने में मदद करती है, जिससे जीवन शक्ति बढ़ती है। ध्वनि चिकित्सा दबी हुई भावनाओं को सतह पर लाती है, जिससे भावनात्मक अभिव्यक्ति और उपचार को बढ़ावा मिलता है। ध्वनि चिकित्सा शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक स्तरों पर शरीर और मन के बीच सामंजस्य स्थापित करती है।

## बेहतर जीवन के लिए पौष्टिक भोजन करें

### स्थानीय खाद्य पदार्थों की पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शनी संपन्न

**बैतूल**। 8वां राष्ट्रीय पोषण माह का उद्देश्य सामुदायिक लामबंदी सुनिश्चित करना और छोटे बच्चों तथा महिलाओं में कुपोषण की समस्या को दूर करने के लिए जन भागीदारी को बढ़ावा देना तथा सभी के लिए स्वास्थ्य और पोषण सुनिश्चित करना है। सुपोषित और समृद्ध भारत निर्माण है। पोषण कुपोषण से निपटने और समग्र बाल स्वास्थ्य और पोषण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक राष्ट्रव्यापी पहल है। ग्राम पंचायत जीन में 8वें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत एक सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती पूर्णिमा बुनकर के निर्देशन में और ग्राम सरपंच श्रीमती सुनीता उइके के आतिथ्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित किया गया। इस मौके पर पूर्णिमा बुनकर ने कहा कि इस राष्ट्रीय पोषण सप्ताह में भारत ने बेहतर जीवन के लिए सही भोजन करें थीम को अपनाया है, जो सभी आयु समूहों में स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और कुपोषण से निपटने में संतुलित पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। उनके साथ ग्राम की अनेक महिलाएं तथा ग्रामीण जन भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सेक्टर पर्यवेक्षक द्वारा पोषण माह 2025 की थीम के अनुसार अनेक स्वास्थ्य और पोषण आहार संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिससे मोटापा नियंत्रण, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा, शिशु एवं बाल आहार प्रथाएं, स्थानीय खाद्य पदार्थ एवं उत्पादों को बढ़ावा देना शामिल था। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय खाद्य पदार्थों से पौष्टिक व्यंजन तैयार कर प्रदर्शनी लगाई गई। जिसे ग्रामीणों ने सराहना के साथ अवलोकित किया। कार्यक्रम




### दोनों पक्षों पर क्रॉस केस दर्ज

## शाहपुर परिषद उपाध्यक्ष के पति पर चाकू से हमला

### छेड़खानी का विरोध करने के बाद हुआ विवाद

**बैतूल**। शाहपुर में नगर परिषद उपाध्यक्ष पम्मी राठौर के पति दिनेश राठौर पर चाकू से हमला हो गया। यह घटना शनिवार देर रात हुई, जब दिनेश अपनी बेटी से छेडख़ानी के आरोप में एक युवक के घर गए थे। विवाद के दौरान दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई जिसमें दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गए। विवाद बढने पर एक युवक ने दिनेश राठौर पर चाकू से हमला कर दिया। उनकी गाड़ी को भी नुकसान पहुंचाया गया। दिनेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से अस्पताल रेफर किया गया। बाद में परिजन उन्हें पाढर अस्पताल ले गए जहां उनका इलाज चल रहा है। दिनेश राठौर के सिर में 18 टांके आए है। टीआई मुकेश ठाकुर ने बताया कि दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट और चोट पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। नपा उपाध्यक्ष के पति की ओर से संदीप गुप्ता और अन्य के खिलाफ मारपीट की शिकायत की गई है। वहीं, संदीप गुप्ता ने भी नपा उपाध्यक्ष पति पर घर में घुसकर गाली-गलौच और मारपीट करने का आरोप लगाया है।

## लेकमैन ओपन वॉटर स्विमिंग में बैतूल के तैराकों ने लहराया परचम

**बैतूल**। भोपाल के बड़े तालाब में 5 अक्टूबर को आयोजित लेकमैन ओपन वॉटर स्विमिंग के सेकंड एडिशन में बैतूल जिला तैराकी विकास उत्थान संघ की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। संघ के जिला अध्यक्ष राजा साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में एक किलोमीटर, दो किलोमीटर, पांच किलोमीटर और दस किलोमीटर की श्रेणियों में मुकाबले आयोजित हुए। बैतूल के देवेंद्र यादव ने 5 किलोमीटर ओपन वॉटर स्विमिंग में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इसी वर्ग में एकमात्र पैरा स्विमर चंद्रशेखर माकोड़े ने साहसिक भागीदारी निभाई। उनके साथ सौरभ यादव, अनिकेत यादव और सूर्यकांत मालवीय ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं 10 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण रेस में नगर पालिका स्विमिंग पूल के कोच गोवर्धन यादव ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि हिमांशु सतनकर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस वर्ग में परिमल और प्रसाद निंबालकर ने भी अपनी क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। बैतूल स्विमिंग संघ की ओर से सभी प्रतिभागियों को उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी गईं।




## बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले के कोसमी फोरलेन पर शनिवार शाम एक सडक़ हादसे में 65 वर्षीय बुजुर्ग की जान चली गई। पैदल चल रहे बुजुर्ग को एक तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान कोसमी निवासी शंकर राव सोनारे (पिता लक्ष्मण राव) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शंकर राव फोरलेन के किनारे से पैदल जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज गति से आ रही बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। रविवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और बाइक चालक की पहचान कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### तीन लायंस क्लबों की निकली संयुक्त रैली, शिवाजी ऑडिटोरियम में समापन

## मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता रैली से शुरू हुआ सेवा सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

लायंस क्लब बैतूल सिटी, लायंस क्लब बैतूल महक और लायंस क्लब बैतूल अमीगोस के संयुक्त तत्वावधान में सेवा सप्ताह की शुरुआत मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता वाहन रैली से की गई। इस रैली का नेतृत्व तीनों क्लबों के अध्यक्ष बी.आर. कुबड़े अध्यक्ष, लायंस क्लब बैतूल सिटी, श्रीमती उमा पवार अध्यक्ष लायंस क्लब बैतूल महक और तिलक पगारिया अध्यक्ष, लायंस क्लब बैतूल अमीगोस ने किया। तीनों अध्यक्षों ने एक ओपन जीप से मानसिक स्वास्थ्य पर बने पोस्टर्स और तख्तियाँ प्रदर्शित कर शहरवासियों को जागरूकता का सशक्त संदेश दिया। इस रैली में 50 से अधिक दोपहिया और चारपहिया वाहन तथा 100 से अधिक लायंस और लियो सदस्य शामिल हुए।

रैली का जगह-जगह उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया, विशेषकर डागा हाउस पर हुआ स्वागत आकर्षण का केंद्र रहा। यातायात पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्ट कर रैली को सफल बनाने में सहयोग दिया। सेवा सप्ताह के दौरान स्कूलों और कॉलेजों में मनोवैज्ञानिकों द्वारा ओपन माइक सेशन्स, योग, लाफ्टर थेरेपी जैसी गतिविधिया आयोजित की जाएंगी।

इस श्रृंखला का समापन शिवाजी ऑडिटोरियम में हुआ, जिसकी अध्यक्षता रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. अरुण जयसिंगपुरे और ब्लड बैंक अधिकारी सुश्री अंकिता सीते ने की। इस आयोजन की सफलता में मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन (अंतरराष्ट्रीय सर्विस वीक) एम.जे.एफ. लायन पी.एस. बग्गा, लायन शुक्ला तथा लियो अदेश लूनिया सहित अनेक लायंस एवं लियो साथियों का योगदान रहा।

## वाशिंग सेंटर पर युवक की करंट लगने से मौत

**बैतूल**। बोरदेही क्षेत्र में रविवार सुबह एक 30 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई। दीपा मांडई रोड स्थित वाशिंग सेंटर पर कंप्रेसर चालू करते समय उसे जोरदार करंट लगा, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल बैतूल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक दुर्गेश पहाड़े बोरदेही का निवासी था और दीपा मांडई रोड पर वाशिंग सेंटर के साथ-साथ पंचर व बाइक रिपेयरिंग का काम करता था। रविवार सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच वह दुकान खोलकर काम शुरू कर रहा था, तभी कंप्रेसर चालू करते समय यह हादसा हुआ। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत युवक को गंभीर हालत में बोरदेही के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया था, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बैतूल रेफर किया गया। परिजनों ने बताया कि दुर्गेश के दो छोटे बच्चे हैं झ्र एक बेटा और एक बेटी। शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में किया गया और फिर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अखंड भारत के संकल्प के साथ क्षत्रीय महासभा ने मनाया दशहरा मिलन

### शस्त्र पूजन व पदभार वितरण के साथ संपन्न हुआ समारोह



**बैतूल**। ग्राम केलापुर में 5 अक्टूबर को क्षत्रीय महासभा राजपूत समाज अखंड भारत के तत्वावधान में दशहरा मिलन समारोह एवं शस्त्र पूजन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैतूल जिले के सैकड़ों क्षत्रीय बंधु और क्षत्रानियां एकत्रित हुए, जहां परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ शस्त्र पूजन किया गया तथा समाज की एकता और गौरव को सशक्त करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षत्रीय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर जगदीश सिंह राघव ने की।

मंच से संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री विनय सिंह राठौड़ ने समाज को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, युवा शक्ति की भूमिका और एकता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान रूप सिंह ठाकुर को जिला कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। वहीं रविशंकर तोमर को जिला प्रचार मंत्री, गीतेश सिंह चौहान को युवा महामंत्री, संतोष सिंह चौहान को ब्लॉक अध्यक्ष एवं मुकेश सिंह को कार्यकारी सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर सिया राघव ने प्रख्यात वीर राजा पृथ्वीराज चौहान के जीवन पर प्रेरक संबोधन दिया, जिससे कार्यक्रम स्थल तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा। समारोह में क्षत्रीय समाज की महिलाओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ठाकुर जगदीश सिंह राघव, विनय सिंह राठौड़, दिनेश सिंह ठाकुर, राजमणि बाई चौहान, शिया सिंह राघव एवं रूप सिंह ठाकुर सहित अनेक गणमान्य क्षत्रीय उपस्थित रहे। समारोह के अंत में राष्ट्र एकता एवं अखंड भारत के निर्माण का संकल्प लिया गया। पूरा आयोजन समाज की गरिमा, परंपरा और शौर्य भावना से ओतप्रोत रहा, जिसमें संगठन के सभी सदस्यों ने एक स्वर में जय राजपूताना के जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

### स्वयंसेवकों का फूलों से स्वागत, बारिश के बीच कदम से कदम मिलाए

## सारनी व पाथाखेड़ा में आरएसएस का पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

विद्युत नगरी सारनी एवं कोयलांचल नगरी पाथाखेड़ा में रविवार सुबह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस का विशाल पथ संचलन निकला। रविवार दोपहर में हीं पाथाखेड़ा में भी संघ का पथ संचलन निकला संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित इस संचलन में एक सैकड़ा से अधिक स्वयंसेवक शामिल हुए। दोनों पथ संचलन में शामिल हुए यह संचलन भगत सिंह बस्ती स्थित सरस्वती शिशु मंदिर ग्राउंड से शुरू हुआ। संचलन से पूर्व सरस्वती शिशु मंदिर में स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण हुआ। इस दौरान विशेष अतिथि के नेतृत्व में भगवा ध्वज का ध्वजारोहण के बाद सामूहिक गीत प्रस्तुत किया गया, जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता ने बताया कि डॉ. हेडगेवार ने आज ही के दिन कुछ युवाओं के साथ नागपुर में संघ की स्थापना की थी। उन्होंने देश में परिवर्तन के लिए पांच संकल्प लेने का आह्वान किया: पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब सहेजना, सामाजिक समरसता, नागरिक अनुशासन और स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल। बौद्धिक सत्र के बाद पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर साईं मंदिर चौराहा, सुपर डी, स्टेट बैंक चौक, मस्जिद चौक, विजासन मंदिर, केंद्रीय विद्यालय, जय स्तंभ चौक होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर तक लगभग तीन से चार किलोमीटर चला। रास्ते में संचलन में शामिल स्वयंसेवकों पर लोगों द्वारा पुष्प वर्षा की गई, जिससे उनका उत्साह बढ़ा। इस पथ संचलन में एक सैकड़ा से अधिक स्वयंसेवकों ने कदमताल की। पूरे संचलन मार्ग पर पुलिस बल ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने में जुटा रहा, जिससे यातायात सुचारु रूप से चलता रहा।

### स्वयं सेवक संघ के पथ संचलन का हुआ जोरदार स्वागत



*शाहपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को शाहपुर में विजयादशमी उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर संघ द्वारा पथ संचलन रखा गया, जिसमें 475 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। जिसमें मंच पर संघचालक रामदास पवार एवं जिला सह कार्यवाह आकाश गुप्ता, मुख्य वक्ता के रूप में देवेश यादव उपस्थित रहे। गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने अनुशासन, समर्पण और संगठन का परिचय देते हुए नगरवासियों को राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। पथ संचलन महात्मा मनसुखदास बाबा प्रांगण से प्रारंभ होकर दुर्गा चौक, राम मंदिर चौक, बस स्टैंड एवं सभी मुख्य मार्गों होते हुए पूर्ण मनसुखदास प्रांगण पहुंचा। समाज जनों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया, जिससे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल रहा। मातृशक्ति ने आरती की थाली दीपक जलाकर स्वागत किया। इस अवसर मुख्य वक्ता देवेश यादव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्षों के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संघ ने राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और सेवा कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पंच परिवर्तन का पालन कर स्वयंसेवक अपने व्यक्तिगत जीवन उतारे एवं समाज भी इस ओर बढ़े ऐसा आग्रह किया।*

## खबर संक्षेप



### 'सोहागपुर खेलेगा गरबा' थीम पर आयोजन प्रारंभ

**सोहागपुर।** 'सोहागपुर खेलेगा गरबा' थीम पर ड्रीम टीम सोहागपुर का गरबा उत्सव शनिवार रात प्रारंभ हुआ है। स्थानीय सीएम राइज़ स्कूल के निर्माणाधीन भवन के समीप स्थित स्टेडियम मैदान में आयोजन अतिथियों की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया है। आयोजक ड्रीम टीम सोहागपुर के कार्यकर्ताओं ने बताया कि गरबा आयोजन के प्रथम दिवस शनिवार को काफी बड़ी संख्या में गरबा प्रेमी शामिल हुए। जिन्होंने देवी गीतों पर गरबा नृत्य किया।

### वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह में ग्रामीण क्षेत्र में प्रतियोगिताएं हुईं




**सोहागपुर।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व द्वारा बफर जोन के आसपास के ग्रामों में वन, वन संपदा एवं वन्यप्राणी संरक्षण का संदेश देने के लिए विविध जागरूकता कार्यक्रम किये जा रहे हैं। रिजर्व असिस्टेंट डायरेक्टर अंकित जामोद ने बताया कि इसी क्रम में गत दिवस ग्राम सेहरा में बच्चों के लिए दौड़ प्रतियोगिता संपन्न कराई गई है। प्रतियोगिता में ग्राम के सभी बच्चे सम्मिलित हुए। कामती तथा मढ़ई रेंज आफिसर राहुल उपाध्याय ने बताया कि इस दौरान ग्राम के बच्चों के साथ वन्य प्राणी संरक्षण जागरूकता रैली का आयोजन भी ग्राम में किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को अभियान को सफल बनाने की गतिविधियों तथा वन्यप्राणी संरक्षण लक्ष्य में सहयोग के लिये आग्रह किया गया।

### 12 को सोहागपुर में होगा निशुल्क नेत्र शिविर

**सोहागपुर।** जिला अंधत्व निवारण समिति नर्मदापुरम द्वारा चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल भोपाल के सौजन्य से निःशुल्क कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण शिविरों का आयोजन किया जाता है। सोहागपुर में शिविर रविवार 12 अक्टूबर को होगा। सोहागपुर बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर व नेत्र सहायक एके शाक्य ने बताया कि 12 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोहागपुर में यह शिविर होगा। जिसमें मोतियाबिंद की जाँच, मोतियाबिंद ऑपरेशन व कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण टांका रहित एवं फेको पद्धति द्वारा कराने की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा कम्प्यूटर द्वारा चश्मे के नंबर की जाँच, कांच बिन्दु की जाँच एवं उपचार, नासूर की जाँच एव ऑपरेशन, भेंगेपन की जांच एवं ऑपरेशन, आँखों के पर्दे की जाँच व उपचार सुविधा भी होगी। मरीजों को अपने साथ आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड या वोटर कार्ड की छायाप्रति अवश्य लाना होगा। इनके अभाव में मरीज का ऑपरेशन करना संभव नहीं होगा। आवास, भोजन, जांच सहित ऑपरेशन व दवाइयों की निशुल्क व्यवस्था की जायेगी। एके शाक्य ने बताया कि ऑपरेशन के लिए चिन्हित मरीज शिविर स्थल से ही बस से चिरायु अस्पताल जाएंगे।

### शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में नगर में निकलेगा प्रभावी पथ संचलन कल

**भौरासा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में शताब्दी वर्ष के दौरान देश भर में पद संचलन सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं। शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में भौरासा नगर में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवको का एक प्रभावी पद संचलन कल मंगलवार को निकाला जाएगा। संचलन में हजारों की संख्या में संघ के नए व पुराने सभी स्वयंसेवकों द्वारा भाग लिया जाएगा। नगर के मध्य स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार सुबह 8:30 बजे पथ संचालन के लिए स्वयंसेवक का एकत्रीकरण होगा।

ट्रेनों में हो रही चोरी और लूट की घटनाओं की रोकथाम के लिए चेकिंग और गश्त की जारी

# फर्जी लूटकांड खुलासा: जीआरपी ने 1.82 करोड़ के सोने के जेवरात बरामद किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

थाना जीआरपी खंडवा के क्षेत्रांतर्गत ट्रेनों में हो रही चोरी और लूट की घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल राहुल कुमार लोढ़ा के निर्देश पर पुलिस द्वारा सतत चेकिंग और गश्त की जा रही है। इस दौरान जीआरपी खंडवा पुलिस ने 4 आरोपियों द्वारा रची गई फर्जी लूट की साजिश का पर्दाफाश कर बड़ी सफलता हासिल की है। घटना की शुरुआत तब हुई जब फरियादी सागर पारख ने थाना जीआरपी छत्रपति शिवाजी टर्मिनल मुंबई पर अपराध क्रमांक 082/25 धारा 3(5)309(6) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच में यह पाया गया कि घटना स्थल थाना जीआरपी खंडवा क्षेत्र में आता है। मामले की डायरी मिलने के बाद 3 अक्टूबर को थाना जीआरपी खंडवा में अपराध क्रमांक 219/25 के तहत मामला दर्ज किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रकाश चंद सेन, आरपीएफ पोस्ट प्रभारी संजीव कुमार और उनकी टीम ने जब गहराई से जांच की तो पूरा मामला फर्जी पाया गया।

### झूठी लूट की कहानी बनाई

जांच में सामने आया कि फरियादी सागर पारख ने अपने साथियों संजय कुमार, राकेश और प्रवीण के साथ मिलकर खुद को चोट पहुँचाई और मिलकर 1 किलो 500 ग्राम सोना जिसमें 52 नग सोने की चुड़ियाँ और 35 नग सोने की अंगूठियाँ शामिल थीं की झूठी लूट की कहानी बनाई। इन जेवरातों की कीमत करीब 1 करोड़ 82 लाख रुपए बताई गई। आरोपियों ने स्वीकार किया कि फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद सोना कल्याण स्टेशन पर प्रवीण ने अपने साथी को दे दिया था। बाद में पुलिस ने आरोपी प्रवीण पिता तुम्बाराम निवासी राजस्थान हाल सिद्धान्त पार्क, मुंबई से पूरा माल बरामद कर लिया।

**पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया**



पुलिस ने 4 आरोपियों सागर पारख (40), संजय कुमार, प्रवीण कुमार (35) और राकेश (53) को गिरफ्तार किया है। इनके पास से कुल 1 किलो 500 ग्राम सोने के जेवरात जब्त किए गए हैं, जिनकी कीमत लगभग 1 करोड़ 82 लाख रुपए आंकी गई है। इस मामले के खुलासे में थाना जीआरपी निरीक्षक प्रकाश चंद सेन, शेख मकसूद, अब्दुल शरीफ, कैलाश केवट, कृष्ण कुमार पटेल, संध्या गौतम, दीपक कुमार, रवि राठौर, हरिओम, मेहफूज, विनोद कुमार, भवप्रताप, गजेन्द्र अड्कने, सायबर सेल भोपाल के अमित, शैलेंद्र चौधरी, देवेन्द्र, सुरेन्द्र शाक्य, जीआरपी कंट्रोल रूम भोपाल और पोस्ट आरपीएफ खंडवा के निरीक्षक संजीव कुमार, ए.के. सिंह, श्याम सुंदर पवार, महेंद्र कुशवाह और विनोद कुमार की भूमिका रही।

जपं में सात ग्रामों में आदि सेवा केंद्र

# आदि सेवा केंद्रों पर होगा समस्याओं का समाधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

जनजातीय समुदाय की सरकार से संबंधित सभी समस्याओं का समाधान ग्राम में ही हो, इसके लिए आदि सेवा केंद्र स्थापित हो रहे हैं है। इसी क्रम में सोहागपुर जपं क्षेत्र के सात ग्रामों में आदि सेवा केंद्र बनाए गए हैं।

जनजातीय समुदाय को सरकारी योजनाओं से जोड़ने व समस्याओं का समाधान गांव में ही करने के उद्देश्य से आदि सेवा केंद्र स्थापित करने की शासन की योजना है। इसे शासकीय व्यवस्था के विस्तार एवं विकेंद्रीकरण रूप में ग्रामीण क्षेत्र में लागू किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन के मार्गदर्शन में आदि सेवा केंद्र स्थापना की यह पहल 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चलाए गए 'आदि कर्मयोगी अभियान' के अंतर्गत की गई है। इस अभियान की अवधि में ग्राम विकास कार्यों की योजनाएं विशेष ग्राम सभाओं में तैयार कर चर्चाओं में ली गई तथा अनुमोदित भी की गईं। जिसके बाद केंद्र संचालन भी प्रारंभ हो गया है।

### संचालन के स्थल चिन्हित

जानकारी अनुसार आदि सेवा केंद्र ग्रामों के पंचायत भवनों, आंगनबाड़ी केंद्रों व स्कूल भवनों से संचालित हो रहे हैं। सोहागपुर जपं क्षेत्र के डूंडादेह, सियारखेड़ा, कामती रंगपुर, टेकापार, खापा, सारंगपुर एवं भजियाढाना ग्रामों में इन केंद्रों का संचालन नियमित व विधिवत होना है। इन आदि सेवा केंद्रों में प्रत्येक मंगलवार जन सुनवाई भी होगी। जहां रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित समस्याओं का समाधान होगा। साथ ही सरकारी योजनाओं की जानकारी भी गांवों के बाशिंदों को उपलब्ध कराई जाएगी। बताया जाता है कि वर्ष 2030 तक ग्राम विकास योजना के तहत सभी कार्य पूरे करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## तेज बारिश से मकान हुआ धराशायी, घर में रखा गृहस्थी का सामान हुआ खराब, परिवार सुरक्षित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरासा

शनिवार को हुई तेज बारिश में एक मकान गिर गया। नगर के वार्ड क्रमांक 7 निवासी हारून पिता अफजल खां का कच्चा मकान बारिश में गिरकर धराशाही हो गया। मकान में रखा गेहूं खराब होने के साथ ही गृहस्थी का सामना भी क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नही हुई। गौरतलब है कि हारून खां ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन दिया था, किंतु नए नियमों के चलते योजना का लाभ नही मिल पा रहा है। हारून खां ने बताया कि यह कच्चा मकान मेरी पैतृक संपत्ति होने के साथ ही नगर परिषद में मेरे नाम पर दर्ज है किंतु इस मकान की रजिस्ट्री नहीं होने से में योजना की पात्रता श्रेणी से बाहर हो गया हूं। पीएम आवास योजना में पक्के मकान की उम्मीद लगाकर बैठा था किंतु बारिश ने मेरा कच्चा आशियाना भी छीन लिया।

## ब्रेक फेल होने पर एक किमी चली हाइड्रा मशीन रोकने के लिए गाड़ियों से किया पीछा, टला हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

बीती रात बड़ा हादसा होते-होते टल गया। नगर निगम की एक हाइड्रा मशीन के अचानक ब्रेक फेल हो गए, जिसके बाद वह बस स्टैंड से इंदिरा गांधी चौराहे तक करीब एक किलोमीटर तक अनियंत्रित दौड़ती रही। मशीन पर सवार निगम कर्मचारी भी कुछ देर तक जान जोखिम में डालकर फंसे रहे जानकारी के अनुसार, नगर निगम का अमला बीती रात एबी रोड पर सेंट्रल लाइट से फ्लेक्स हटाने का काम कर रहा था।

हाइड्रा क्रेन के जरिये दो कर्मचारी ऊंचाई पर चढक़र फ्लेक्स उतार रहे थे। इसी दौरान मशीन के ब्रेक अचानक फेल हो गए और वह बेकाबू होकर आगे बढऩे लगी। क्रेन के ट्राले में बैठे दोनों कर्मचारी भी फंस गए और जान बचाने के लिए खुद को संभालते रहे। हाइड्रा को बेकाबू हालत में दौड़ता देख आसपास के लोग घबरा गए। कई लोगों ने अपनी दोपहिया वाहनों से मशीन का पीछा करते हुए ड्राइवर को रोकने की कोशिश की। इसी दौरान नगर निगम का एक अन्य वाहन भी मशीन के पीछे दौड़ता रहा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि मशीन लगातार सडक़ पर दौड़ रही है और लोग पीछे से उसे रोकने की कोशिश कर रहे हैं। करीब एक किलोमीटर तक दौडऩे के बाद हाइड्रा मशीन इंदिरा गांधी चौराहे के पास जाकर रुकी। इसके बाद उसमें फंसे दोनों कर्मचारी सुरक्षित बाहर निकले और राहत की सांस ली। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोग इक_ा हो गए। लोग इस हादसे को देखकर हैरान थे कि कैसे ब्रेक फेल होने के बावजूद कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

300 से अधिक किसानों ने विभिन्न गांवों से होते हुए निकाली बाइक रैली

# एमएसपी पर सोयाबीन खरीदी का कानून बनाए सरकार, उल्लंघन हो तो करें कार्रवाई

मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप सोयाबीन की एमएसपी 5328 रुपए प्रति क्विंटल करने की मांग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

किसानों के संगठन युवा किसान संगठन ने रविवार को सोयाबीन की फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर बाइक रैली निकाली। रैली स्थानीय राजोदा क्षेत्र से शुरू होकर देवास कलेक्टर कार्यालय पहुंची, जहाँ संगठन ने एक ज्ञापन सौंपा। किसान संगठन ने सोयाबीन पर 5328 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीदी सुनिश्चित करने की मांग की है।

### निजी कंपनियां कमा रही मुनाफा

किसानों ने सरकार से सवाल किया कि जब सोयाबीन के भाव पिछले 10 वर्षों के न्यूनतम स्तर पर हैं, तो इसका जिम्मेदार कौन है? उन्होंने पूछा कि क्या वास्तव में 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा पूरा हुआ? किसानों ने यह भी सवाल उठाया कि जब किसान घाटे में हैं, तो अडानी, पतंजलि फूड जैसी कंपनियाँ सस्ते में सोयाबीन खरीदकर अरबों रुपये का मुनाफा कैसे कमा रही हैं।

### किसानों को प्यारी अपनी खेती

आयोजित रैली में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के किसान शामिल थे। किसान अपने हाथों में सोयाबीन की फसल और 'आई लव खेती' के पोस्टर लिए हुए थे। यह रैली राजोदा से बालोदा, भानगढ़, गुराड़िया, बांगरदा, कैलोद, टिगरिया गोगा, भड़ापीपल्या, छापरी, निवानिया, कुमारिया, पार्वतीपुरा, सुकल्या, शिप्रा और लौहारपीपल्या होते हुए देवास पहुंची। युवा किसान संगठन के अध्यक्ष रविंद्र चौधरी ने बताया कि वर्तमान में उन्हें मंडियों में सोयाबीन का घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है। व्यापारी वर्ग और सरकार की उदासीनता के कारण किसानों को उनकी मेहनत का सही दाम नहीं मिल पा रहा है।

### एमएसपी पर खरीदी का बने कानून

किसानों ने अपनी प्रमुख माँगें रखीं, जिनमें सोयाबीन की खरीदी तुरंत एमएसपी पर शुरू करना, एसएसपी पर खरीदी का कानून बनाना, एसएसपी से कम भाव पर खरीदी करने वाले व्यापारियों या कंपनियों के लिए कम से कम 5 साल की सज़ा और कठोर दंड का प्रावधान करना, भावांतर योजना जैसे छलावे बंद कर वास्तविक समर्थन मूल्य की गारंटी देना और भाव गिराने की साज़िश पर तुरंत रोक लगाकर दोषियों पर कार्रवाई करना शामिल है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी माँगें शीघ्र नहीं मानी गईं, तो किसान मजबूर होकर सड़कों पर उतरकर राज्यव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### रैली में यह रहे उपस्थित

रविवार को किसानों की मांगों को लेकर निकाली गई रैली के दौरान सोहन पटेल, प्रकाश पटेल, मुकेश पटेल (जनपद अध्यक्ष), रमेश (सरपंच), मुकेश पटेल, संजू पटेल, राहुल चौधरी, शुभम पटेल, श्याम, जीवन, धर्मेंद्र पाटीदार, निलेश पाटीदार, महेश (सरपंच), विक्रम (पार्षद), बाबूलाल सिरोलिया, राकेश (खिरनी), घनश्याम, राजेंद्र (बलोदा), बंटी केलोद, अफजल, ऐसान चाचा, अयूब पटेल, सौरभ पटेल, दिलवार पटेल सहित अनेक किसानों ने रैली में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के समापन पर गोरधन पाटीदार एवं देवेंद्र चौधरी ने सभी किसानों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। रैली का नेतृत्व रविन्द्र चौधरी, अध्यक्ष – युवा किसान संगठन एवं जिला पंचायत सदस्य, देवास द्वारा किया गया।



# मोटर साइकिल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**पीपलरावां पुलिस को मिली सफलता**






हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

थाना पीपलरावां पुलिस ने मोटर साईकल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह लंबे समय से दो पहिया वाहनों की चोरी को अंजाम दे रहा था। पुलिस को यह सफलताऑपरेशन त्रिनेत्रम" के तहत लगे सीसीटव्ही कैमरा एवं पुलिस डिजिटल मित्र कम्युनिटी ग्रुप की मदद से मिली है। गिरोह के दो सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़े है।पुलिस ने चोरों से चोरी गई एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल बरामद की है। चोरी की सूचना पर थाना प्रभारी पीपलरावां निरीक्षक सुबोध गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

पुलिस टीमों के द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर घटना स्थल के आस पास एवं ग्राम घिचलाय पर ऑपरेशन त्रिनेत्रम अभियान में लगे सीसीटीवी फुटेज चैक किए गए, जिनमें आरोपियों द्वारा फरियादी की मोटर साईकिल दो आरोपियो द्वारा चोरी कर ले जाना कैद हुआ । प्राप्त सीसीटीव्ही फुटैज को देवास पुलिस द्वारा बनाए गए कम्युनिटी ग्रुपो में डाला गया । जिसके माध्यम से दोनो आरोपियो की पहचान हुई। रविवार को दोनो आरोपियो को गिरफ्तार कर आरोपियो के कब्जे से चुराई गई मोटर साईकिल एवं घटना मे उपयोग की गई मोटर साइकिल जप्त की गई ।पुलिस ने दो आरोपी अक्षय पिता गोकुल हाडा उम्र 24 साल निवासी कंजर डैरा पीपलरावां और मनीष पिता जीवन सिसोदिया उम्र 23 साल निवासी कंजर डैरा पीपलरावां को गिरफ्तार किया है।उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी पीपलरावां निरीक्षक सुबोध गौतम,उनि विजेन्द्र सिंह सोलंकी, सउनि मांगीलाल परमार,प्रआर अमरिश,विरेन्द्र शर्मा, अरविन्द,आर महेन्द्र,रविन्द्र, अजय,मनोज गुर्जर, अनुरुद्ध, रविन्द्र, दीपक, सतीश, आर चालक देवेन्द्र व जागरुक ग्रामीणजनों का योगदान रहा।


जीवेत् शरदः शतम्
हर खुशी पर हक हो आपका, खुशियों भरा सफर हो आपका,
गम कभी करवट न ले आपकी तरफ, सदा मुस्कुराता रहे चेहरा आपका।
नर्मदांचल की शान, क्षेत्र के गौरव,
म.प्र. शासन के पूर्व कृषि मंत्री
आदरणीय
कमल जी पटेल
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री संदीप पटेल
जिलाध्यक्ष, उद्योग प्रकोष्ठ
श्री यशवंत पटेल
गडरिया (सिवनी मालवा)
श्री सत्यनारायण पटेल
हरदा
राजेश पटेल
(B.E. Civil)
इंटीरियर डिजाइनर
श्री सुदीप पटेल
पूर्व जनपद उपाध्यक्ष
खिरकिया
श्री राजेश पटेल
श्री अनिल वाष्ट
श्री कन्हैया कुशवाह
Dream to Home
ड्रीम्स टू होम
श्रवण इलेक्ट्रॉनिक्स के साइड में छीपानेर रोड, हरदा Mob.9755717775


जीवेत् शरदः शतम्
मध्यप्रदेश शासन के
पूर्व कृषि मंत्री
आदरणीय श्री कमल जी पटेल
को
जन्मदिन
की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
प्रमोद पटेल (एमएल पटेल)
गंगोत्री गार्डन, हरदा
सौजन्य : प्रमोद पटेल मित्र मण्डल हरदा


जीवेत् शरदः शतम्
मध्यप्रदेश शासन
के यशस्वी पूर्व कृषि मंत्री
विकास पुरूष
असंभव कार्य को
संभव करने वाले
हरदा के लाड़ले
नेता
मा. कमल पटेल जी
को
जन्मदिन
की हार्दिक बधाई
सौजन्य से :
आनन्द वेयर हाउस, हरदा
राजा पटेल
वरिष्ठ नेता


जीवेत् शरदः शतम्
हर खुशी पर हक
हो आपका,
खुशियों भरा सफर
हो आपका,
गम कभी करवट न
ले आपकी तरफ
सदा मुस्कुराता रहे
चेहरा आपका।
हरिशंकर जी सारन
सरपंच साहब
जन-जन के लाड़ले, प्रदेश के लोकप्रिय पूर्व कृषि मंत्री
नर्मदांचल की पहचान
मा. कमल पटेल जी को
जन्मदिन
की हार्दिक बधाई
सौ. सारन परिवार
अतरसमा - हरदा
गोविन्द सारन
पूर्व सरपंच
शिवम सारन